
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 124 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 14 अगस्त 2021

विचार-प्रवाह...संकट और समाचार





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0°

42243.40

2 तालिबान को मान्यता देने को तैयार

7 क्या चूक कर रहे हैं कप्तान कोहली

# स्क्रैप नीति का हर किसी को मिलेगा लाभ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने शुक्रवार को गुजरात में आयोजित निवेशकों के सम्मेलन को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार की स्क्रैप नीति को देश के विकास में अहम बताया है। पीएम मोदी ने इस सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आज नेशनल आटोमोबाइल स्क्रैपिंग नीति लान्च हो रही है, जो देश के आटोमोबाइल सेक्टर को एक नई पहचान देगी। खराब और प्रदूषण फैलाने वाले व्हीकल्स को वैज्ञानिक तरीके से सड़क से हटाने में ये नीति अहम भूमिका निभाएगी।

**अलंग को विश्व में नए रूप में पेश करना होगा:** अलंग का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि छोटे कारोबारियों को इस नई नीति से काफी फायदा होगा। स्थानीय इंडस्ट्री को भी इसका पूरा फायदा होगा। साइंटिफिक स्क्रैपिंग से देश के पास में रेयर मेटल का भंडार बढ़ेगा। सरकार की पूरी कोशिश है कि आटो इंडस्ट्री को कम से कम चीजों को बाहर से मंगवाने की जरूरत हो। इसके लिए इस इंडस्ट्री को भी कुछ और आगे बढ़कर उपाय करने होंगे। इसलिए पुराने प्रॉसेस को बदलना ही होगा। सरकार इसके लिए हर संभव मदद को तैयार है। हम ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले व्हीकल्स अपने लोगों को देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सर्कुलर इकोनॉमी भारत के लिए कोई नया शब्द नहीं है। अब इसको वैज्ञानिक तरीके से करना है।

**व्हीकल्स स्क्रैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा:** इससे पहले पीएम मोदी ने अपने ट्वीट कर कहा कि ये नीति अनफिट और प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों को सड़क से हटाने में सहायक होगी। ये पूरी तरह से पयार्वरण के हित को देखते हुए बनाई गई है। इस सम्मेलन का सबसे बड़ा मकसद व्हीकल स्क्रैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना है। ये भविष्य में बेहतर पर्यावरण के लिहाज से बेहद जरूरी है।

बता दें कि इस सम्मेलन का मकसद केंद्र सरकार की नई स्क्रैपिंग नीति में निवेश को बढ़ाना है। इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल थे।

## निवेशकों से संवाद में पीएम मोदी का निवेश के प्रति मूल मंत्र

**आने वाले 25 वर्ष काफी अहम**

पीएम ने कहा कि मोबिलिटी का देश के विकास में अहम योगदान है। 21वीं सदी का भारत कन्वेनिएंट और क्लीन लक्ष्य को लेकर चले, ये समय की मांग है। ये नीति तेज विकास के सरकार के कमिटमेंट को दर्शाती है। ये देश की आत्मनिर्भरता को भी आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बेहद अहम हैं। आज मौजूद संपदा हमें धरती से मिल रही है, वो भविष्य में कम हो जाएगी।



### वेस्ट टू वेल्थ की तरफ है नई स्क्रैप नीति

पीएम ने नई स्क्रैप नीति को वेस्ट टू वेल्थ की दिशा में एक अहम कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ रोजगार मिलेगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी तेजी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ये नीति हमारे जीवन से जुड़ी हुई है। पुरानी गाड़ियों की वजह से होने वाले हादसों को इस नीति के तहत रोका जा सकेगा। जिसके पास स्क्रैप सर्टिफिकेट होगा उसको रजिस्ट्रेशन के नाम पर दिया जाने वाला पैसा नई गाड़ी की खरीद पर नहीं लगेगा। साथ ही नई गाड़ी खरीदने वालों को कई दूसरी तरह की छूट भी मिलेंगी।

### नहीं देना होगा रजिस्ट्रेशन शुल्क, और भी होंगे कई फायदे: गडकरी

केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि नेशनल आटामोबाइल स्क्रैपिंग नीति का फायदा हर किसी को मिलेगा। उन्होंने ये भी कहा है कि इससे गुजरात समेत अन्य राज्यों में निवेश बढ़ेगा बल्कि देश के विकास को एक नई रफ्तार भी मिलेगी। गडकरी ने ये बातें गुजरात में आयोजित इंवेस्टर्स समिट के दौरान कही हैं। इस मौके पर उन्होंने इंडस्ट्री से नीति के लिए उनके सुझाव भी मांगे हैं। उन्होंने कहा कि इसको बेहतर बनाने वाले हर सुझाव का वो स्वागत करेंगे। उनके मुताबिक इस नीति पर सरकार वर्ष 2015 से ही काम कर रही थी। ये नीति न केवल देश में बढ़ते प्रदूषण को कम करेगी बल्कि भविष्य में रोजगार भी उपलब्ध करवाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बीते 24 घंटों में मिले 40,120 नए कोरोना संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार सुबह देश में कोरोना संक्रमण के हालात से जुड़े आंकड़े जारी किए। भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 40,120 नए मामले सामने आए और 585 लोगों की मौत हो गई। वहीं महाराष्ट्र में आज डेल्टा प्लस वैरिएंट के कारण तीन मौतें दर्ज हुई हैं। जिसमें से एक मौत मुंबई में हुई है और 65 मामले सामने आए हैं।

### सोपोर में सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड हमला, दो जख्मी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनजर। कश्मीर घाटी में आतंकवादियों ने एक बार फिर सुरक्षाबलों को निशाना बनाने का प्रयास किया है। इस बार यह हमला सोपोर में किया गया। सोपोर बाजार में स्थित एसबीआई बैंक की ब्रांच के बाहर खड़े सीआरपीएफ जवानों को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों ने ग्रेनेड दागा परंतु यह ग्रेनेड निशाने पर जा जाकर दूसरी तरफ जाकर फटा।

# भारत को आयातक नहीं दुनिया का निर्यातक देश बनाना चाहते है

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया कार्यक्रमों का उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को DRDO भवन में आजादी का अमृत महोत्सव से संबंधित रक्षा मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा, ९75 साल पहले हम आजादी के लिए संघर्ष कर रहे थे, आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। ये सौभाग्य का क्षण है। 75 साल पहले हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आवश्यकता पड़ने पर पहाड़ों में शरण ली आज हम उन्हीं पहाड़ों पर पर्वत अभियान कर रहे हैं।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा, हम शस्त्रों के सबसे बड़े आयातक जाने जाते थे। अब भारत शस्त्रों का नंबर एक आयातक नहीं रहा। भारत को हम आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस दिशा में प्रयास चल रहे हैं। हम भारत को आयातक नहीं दुनिया का निर्यातक देश बनाना चाहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, रक्षा मंत्रालय के द्वारा ये कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए हैं। इसमें सभी विभागों का सम्मिलित प्रयास है। राष्ट्रीय चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना मनुष्य के हृदय की सबसे बलवती भावना होती है। राष्ट्रीय स्वाभिमान को दुनिया की कोई ताकत चुनौती देती है तो उसका मुकाबला करने के लिए हमारे तीनों सेना के जवान तैयार हो जाते हैं और मुंहतोड़ जवाब देते हैं।

रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को भारतीय सेना की टीम के पर्वतीय अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर मौजूद चीफ ऑफ डिफेंस जनरल बिपिन रावत ने कहा, मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि आने वाले सालों में हम जिस तरह से अपने सैनिक कार्रवाई की प्रक्रिया में बदलाव लाने जा रहे हैं इससे हमारी शक्ति और बढ़ेगी। सशस्त्र बल किसी भी काम को अधूरा नहीं छोड़ेंगे। चुनौतियां अभी भी बाकी हैं।

### 75 पहाड़ी मार्गों/स्थानों पर लहराएगा राष्ट्रीय ध्वज

BRO देश के 75 महत्वपूर्ण पहाड़ी मार्गों और अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास में अपने संकल्प को प्रदर्शित करेगा। बीआरओ की 75 टीमें आज इन सुदूर पहाड़ी मार्गों के लिए रवाना होंगी। इसमें पूर्वी लद्दाख का उमलिंगला दर्रा काफी अहम है। मित्र देशों के अलावा पूर्वोत्तर में अटल सुरंग, रोहतांग और ढोला सादिया ब्रिज जैसे प्रमुख जगहों पर भी राष्ट्रीय तिरंगा फहराया जाएगा।

# देश के लोकतंत्र पर हमला हो रहा है: राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दिल्ली। ट्विटर विवाद को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केंद्र सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। संसद में विपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं है, हमें दबा दिया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया भी नियंत्रित की जा रही है।

राहुल गांधी केंद्र सरकार पर आए दिन निशाना साधते रहते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने सरकार के साथ-साथ मीडिया और ट्विटर पर भी पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। एएनआइ के नवीनतम ट्वीट में राहुल गांधी ने कहा कि लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष पार्टियों को बोलने नहीं दिया जाता है, उन्हें दबा दिया जाता है। मीडिया भी नियंत्रित की जाती है।

राहुल गांधी के ट्विटर अकाउंट को अस्थायी रूप से निलंबित किए जाने के बाद उन्होंने कहा कि मेरे लाखों समर्थकों का अपमान हुआ है। ट्विटर का रवैया पक्षपातपूर्ण है। राहुल गांधी ने कहा कि मुझे लगता था की, मीडिया के बाद ट्विटर प्रकाश की एक किरण है, जहां हम जो सोचते हैं उसे ट्विटर पर डाल सकते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। ट्विटर भी वही सुनता है जो सरकार कहती है।

बता दें कि ट्विटर साफ कर चुकी है कि वह अपनी पालिसी के अनुसार ही काम कर रही है। उस पर किसी का कोई दबाव नहीं है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ट्विटर ने कई भाजपा मंत्रियों के हैंडल से भी ब्ल्यू टिक हटा दिया था। तब भी कंपनी की ओर से सफाई आई है। इसलिए राहुल गांधी के आरोपों में दम नजर नहीं आता है। लेकिन विपक्ष में होने के कारण वह हर चीज के लिए केंद्र की मोदी सरकार को ही दोषी करार देते हैं। ये शायद कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है।

### आरोप

- मीडिया और ट्विटर पर भी पक्षपाती होने का आरोप

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# दोहा में भारतीय डिप्लोमेट्स बना रहे खास प्लान!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के भीतर तालिबान के बढ़ते प्रभाव के बीच शांति समझौते की कोशिशें जारी हैं। कतर के दोहा में भारतीय प्रतिनिधिमंडल एक क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल हुआ। भारत का ऐसे किसी कदम का हिस्सा बनना इसलिए भी अहम है क्योंकि उसे एक दिन पहले ट्रोइका बैठक से अलग रखा गया था। ट्रोइका में रूस, अमेरिका, चीन और पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के हालात पर चर्चा की थी। उधर, कथित रूप से विदेशी आतंकियों की मदद के साथ तालिबान ने कंधार पर भी कब्जा कर लिया है। आतंकवादी काबुल की ओर कूच कर रहे हैं।

### तालिबान के हाथों अफगानिस्ध्तान की बर्बादी कैसे रोकी जाए?

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक राजनीतिक हल निकालने की कोशिश में भारत की अहम भूमिका है। तालिबान को लेकर भारत की अपनी चिंताएं हैं, मगर अफगानिस्तान में शांति की हर कोशिश का भारत ने समर्थन किया है।

दोहा बैठक से एक दिन पहले, संसद में सरकार ने कहा कि वह शांति के लिए अफगानिस्तान और उसके बाहर कई हितधारकों के संपर्क में है।